जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965

संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी

संरक्षक
बाबू लाल सैनी

सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 57 | अंक-44 | जयपुर, सोमवार, 22 नवम्बर , 2021 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

किसानों के आगे झुकी सरकार

14 महीने बाद तीनों कृषि कानून वापस



नई दिल्ली (एजेंसी)। किसानों के हठ के आगे आखिरकार मोदी सरकार को झुकना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों विवादित कृषि कानून वापस लेने का फैसला किया है। इस ऐलान के लिए दिन चुना गया प्रकाश पर्व का। पीएम ने शुक्रवार को राष्ट्र के नाम 18 मिनट के संबोधन में यह बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि सरकार ये कानून किसानों के हित में नेक नीयत से लाई थी, लेकिन हम कुछ किसानों को समझाने में नाकाम रहे।

सबसे पहले प्रकाश पर्व और देव दीपावली की शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधन की शुरुआत में कहा, मेरे प्यारे देशवासियों आज देव दीपावली का पावन पर्व है। आज गुरु नानक देव जी का भी पावन प्रकाश पर्व है। मैं विश्व में सभी लोगों और सभी देशवासियों को बधाई देता हूं। यह भी बेहद सुखद है कि डेढ़ साल बाद करतारपुर साहिब कॉरिडोर फिर से खुल गया है।

छोटे किसानों के हित में लाए थे तीनों कृषि कानून

शुभकामनाएं देने के बाद मोदी ने किसानों के हित में अपनी सरकार के काम और योजनाएं गिनाईं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की 10 हजार एफपीओ किसान उद्पादक संगठन बनाने की प्लानिंग है। हमने एमएसपी और क्रॉप लोन बढ़ा दिया है।

राहुल गांधी ने कहा- अन्याय के खिलाफ ये जीत मुबारक हो!

राहुल गांधी ने अपना एक पुराना वीडियो ट्वीट करके लिखा कि देश के अन्नदाता ने सत्याग्रह से अहंकार का सर झुका दिया। अन्याय के खिलाफ ये जीत मुबारक हो! कांग्रेस के महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने मीडिया से कहा कि मोदी सरकार ने आज अपना अपराध स्वीकार किया है। अब जनता इस अपराध की सजा तय करेगी। इस फैसले के पीछे भाजपा का यूपी और पंजाब समेत 5 राज्यों में चुनाव हारने का डर दिख रहा है।

आज के दिन बड़ी खुशखबरी मिली-केजरीवाल

आज प्रकाश दिवस के दिन कितनी बड़ी खुशख़बरी मिली। तीनों क़ानून रद्द। 700 से ज़्यादा किसान शहीद हो गए। उनकी शहादत अमर रहेगी। आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी कि किस तरह इस देश के किसानों ने अपनी जान की बाज़ी लगाकर किसानी और किसानों को बचाया था।

मोदी की 18 मिनट की स्पीच में 1430 शब्द:1067 शब्द में कृषि कानून वापसी की भूमिका बांधी, 19 शब्द में किया ऐलान

कृष कियानूनों को वापस लेने के लिए दिए गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 18 मिनट के संबोधन में 1430 शब्द थे। कानून वापसी घोषणा से पहले भूमिका बांधने में पीएम ने 1067 शब्द, घोषणा करने में 86 और घोषणा की वजह बताने में 277 शब्द कहे। साथियों, मैं देशवासियों से क्षमा मांगते हुए, सच्चे मन से और पवित्र हृदय से कहना चाहता हूं कि शायद हमारी तपस्या में ही कोई कमी रह गई होगी, जिसके कारण दिए के प्रकाश जैसा सत्य, कुछ किसान भाइयों को हम समझा नहीं पाए। आज गुरु नानकदेव जी का प्रकाश पर्व है। यह समय किसी को भी दोष देने का नहीं है। आज मैं आपको, पूरे देश को ये बताने आया हूं कि हमने तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का, Repeal करने का निर्णय लिया है।

गहलोत बोले- पीएम ने घबराकर फैसला वापस लिया

जयपुर(नि.सं.)। केन्द्र सरकार की ओर से तीन कृषि कानून वापस लेने की घोषणा पर राजस्थान कांग्रेस सरकार ने केन्द्र पर सियासी हमला बोलते हुए निशाना साधा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि उप चुनावों में हुई करारी हार के बाद केन्द्र सरकार ने यूपी समेत 5 राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों में हार की आशंका और घबराहट के चलते यह फैसला लिया है।

अखिलेश यादव ने कहा- यह अहंकार की हार

प्रधानमंत्री के ऐलान के बाद सपा नेता अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों के प्रयासों की आखिरकार जीत हुई है। यह अहंकार की हार और किसानों की, गणतंत्र की जीत है। लोग आगामी चुनावों में केंद्र सरकार को माफ नहीं करेंगे। यह झूठी माफी किसी काम नहीं आएगी।

कृषि कानूनों को वापस लेने के फैसले से नाराज कंगना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों कृषि कानून वापस लेने का फैसला किया है। सरकार के इस फैसले से एक्ट्रेस कंगना रनोट निराश हैं। इस पर अपने कंगना ने अपने विचार सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है।

कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने भी कसा तंज

चिदंबरम ने कहा कि जो लोकतांत्रिक विरोध से हासिल नहीं किया जा सकता, वह आने वाले चुनावों के डर से हासिल किया जा सकता है। तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की प्रधानमंत्री की घोषणा नीति परिवर्तन या हृदय परिवर्तन से प्रेरित नहीं है।

कृषि कानून की वापसी पर चौमूं में आरएलपी कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

चौमूं (हमारा वतन) चौमूं नगरपालिका के सामने किसान विरोधी काले कानूनों को मोदी सरकार द्वारा वापस लिए जाने पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव के नेतृत्व में आतिशबाजी की और किसानों का मुंह मीठा करके खुशी मनाई।

इस अवसर पर जिला महामंत्री रामबाबू गोरा ने बताया कि यह कृषि काले कानून किसानों के हित में नहीं थे, जिन्हें आज मोदी सरकार ने वापस लिया है। यह फैसला देश के किसानों के संघर्ष की जीत है। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश घोसल्या, जिला प्रवक्ता लालचंद झाझड़ा, पार्षद पृथ्वीराज योगी, नगर अध्यक्ष मुकेश गुलिया, रविकांत शर्मा, बलबीर लाम्बा, इरशाद खान, मुकेश कलवानिया, बलदेव यादव, राजू बराला, टीपू खान, विष्णु शर्मा, मुकेश डबास, रणवीर शर्मा, भैरू यादव, मालीराम यादव, दीपू पलसानिया, मक्खन बराला, विनोद यादव, योगेश यादव, भास्कर चौधरी, रामू गोरा, महेंद्र गोदारा, मुकेश यादव सहित अन्य रालोपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जयपुर में गंदगी देख गुस्से में आई महापौर

इ्यूटी पर नहीं आने पर 25 सफाई कर्मचारी सस्पेंड; बनीपार्क, कलेक्ट्रेट, रेलवे स्टेशन पर दिखी गंदगी

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर नगर निगम हैरिटेज की मेयर मुनेश गुर्जर ने आज बनीपार्क, कलेक्ट्रेट समेत जयपुर शहर के कई इलाकों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान कई जगह गंदगी के ढेर दिखे और सफाई कर्मचारी भी इ्यूटी पर नहीं मिले। शहर में जगह-जगह कचरा दिखने और कर्मचारियों के गैरहाजिर रहने से नाराज मेयर ने सभी 25 कर्मचारियों को सस्पेंड करने के आदेश दे दिए। मेयर ने अपने दौरे के शुरूआत कलेक्ट्रेट सर्किल से की जहां से वे बड़ोदिया बस्ती, रेलवे स्टेशन, ग्रामीण चौपाल, बनीपार्क, शिव मार्ग होते हुए सैटेलाइट हॉस्पिटल पहुंची।

राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण जन जागरूकता अभियान

संयोजक

अशोक पाल सिंह (शिक्षक)

(पर्यावरण मित्र एवं प्रकृति प्रेमी)

विशेष दिवस पर एक पेड़ लगाकर सेवा का संकल्प लें !

E mail :- sashokpalz67@gmail.com

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिझौली, विकास खंड नारसन ,जनपद हरिद्वार (उत्तराखंड) संपर्क :- 9410932259,7037551212.

इस कारण से छोड़ रहे हैं लोग अपने पुस्तैनी घरों को : वृक्षमित्र डॉ सोनी

उत्तराखंड (हमारा वतन) उत्तराखंड का अधिकतर भू भाग पर्वतीय है जहां पर गांव बसे हैं । इन गांव में न जाने कितनी पीढ़ियां रह चुके हैं जो खुशियों से अपना जीवन यापन करते थे । ना खाने की चिंता ना ही रोजगार की, जो अपने खेतों से मिलता था उसी में अपने परिवार के साथ खुश रहते थे । जबकि उस समय परिवार भी बड़े होते थे ।एक आदमी के पांच छः बच्चे और सात आठ लड़कियां होती थी। ना उन्हें पालने ,ना पढ़ाने, ना नौकरी ,ना रोजगार, ना ही उनकी शादी की चिंता होती थी । इतनी लड़कियां होने पर भी उस समय कोई कन्या भ्रूण हत्या नही होती थी। खुशी- खुशी उनका विवाह किया जाता था और अमन चैन से अपना जीवन बिताते थे। लेकिन वक्त के साथ सबकुछ बदल गया । जहां कभी गांव की चहल - पहल व रौनक होती थी । आज वो गांव वीरान से हो गए हैं, ऐसा लगता है इन पहाड़ के गांव पर किसी की नजर लग गई हो। गांव के गांव खाली होते जा रहे हैं ,ऐसे

में उन्हें रोकना जरूरी हैं । कही ऐसा ना हो कि हमारे पूर्वजों की धरोहर गांव जंगलों में तब्दील न हो जाए।

गांव से पलायन कर रहे लोगों के बारे में उत्तराखंड में वृक्षमित्र के नाम से मशहूर पर्यावरणविद् डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी का कहना है कि अच्छी शिक्षा पाने के बाद लोग मेहनत नही करना चाहते हैं ,जिस कारण युवा पलायन कर रहें हैं । अगर युवा अपने रोजगार शुरु भी करते हैं तो उन्हें उचित दाम व बाजार नही मिल पाता है, जिस कारण पलायन हो रहा है।

डॉ सोनी कहते हैं कि पहाड़ जैसी विषम परिस्थितियां गांव के लोगो की हैं । ये जरूर है कि हमारे यहां रोजगार की अपार संभावनाएं हैं ,लेकिन एक सुनियोजित तरीके से कार्ययोजना ना बनने के कारण यहां के उत्पादों को ना उचित मूल्य मिलता हैं, ना ही बाजार मिल पाता है । ऐसे में पहाड़ के युवाओं के पास पलायन के सिवा कुछ नही रहता ,जिस कारण उन्हें बाहरी राज्यों में रोजगार के लिए जाना पड़ता हैं।

डॉ सोनी ने यह भी कहा कि हमारे गांव में कई फल ऐसे हैं जो यहां के जंगलों में उगते हैं जैसे काफल, बुराँस, हिंसर, किनगोड़, घिंघारू, बेडू, तिमला (जंगली अंजीर), भंबारु, घिनुवा जिनका डिब्बा बंद कर व्यापार किया जा सकता है । खाद्य पदार्थों में जंगोरा, कौड़ी, मडुवा, चीड़ा, पल्टी, फाबर, चौलाई की खेती से रोजगार किया जा सकता है। सेब, खुमानी, बादाम, अखरोट, आड़ू, पुलम, चुली, माल्टा, नीबू, संतरा के लिए उपयुक्त जलवायु होने के कारण इनका उत्पादन किया जा सकता हैं तथा यहां के पर्यटन स्थलों, तीर्थस्थलों का विकास करने से रोजगार मिलेगा और यहां पर अच्छे शिक्षा के केन्द्र, चिकित्सा सुविधा, सड़कें, परिवहन, पानी, बिजली, संचार के विकास से पलायन को रोका जा सकता है।

उदयवीर ग्लोबल अचीवर मेन्स ऑफ द ईयर अवार्ड 2021 से हुए सम्मानित

जयपुर (हमारा वतन) सेना के जांबाज भूतपूर्व सैनिक नायक उदयवीर सिंह यादव को शक्ति फिल्म प्रोडक्शन की फाउंडर अंबालिका शास्त्री, ब्रांड एम्बेसडर श्योदान जाखड और डिस्ट्रिक्ट ब्रांड एम्बेसडर विष्णु टाक द्वारा ग्लोबल अचीवर मेन्स ऑफ द ईयर अवार्ड 2021 से सम्मानित किया गया है। शक्ति फिल्म प्रोडक्शन के तत्वावधान में आयोजित किए गए आनलाईन वर्चुअल कार्यक्रम में उदयवीर सिंह यादव द्वारा किए जा रहे समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्यों के लिए यह ग्लोबल अचीवर मेन्स ऑफ द ईयर सम्मान दिया गया है । जानकारी के लिए आपको बता दें की उदयवीर सिंह देश की सेवा करते हुए एक बहुत बड़ी दुर्घटना के शिकार हो गए थे, जिसमें उदयवीर के दोनों पैर चले गए। युवाओं को मोटिवेट करना और बेजुबान जानवरों की तकलीफों को ध्यान में रखते हुए ये निरन्तर कार्य कर रहे हैं। आज के इस बदलते परिवेश में उदयवीर यथासंभव कोशिश करते हैं कि जो बच्चे और युवा आने वाले कल का भविष्य हैं।

शौर्य चक्र विजेता कर्नल बजरंग सिंह पहुंचे रक्तदान शिविर में

जयपुर (हमारा वतन) बस्सी में हिंदू गौ सेवा समिति के तत्वाधान में शहीद मनीष शर्मा के जन्मदिन पर आयोजित द्वितीय विशाल रक्तदान शिविर में शौर्य चक्र विजेता कर्नल बजरंग सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ।

कर्नल बजरंग सिंह ने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है । रक्त देकर किसी अनजान व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है । ब्लड किसी फैक्ट्री में तैयार नहीं होता ,बल्कि मानव की नसों में तैयार होता है, इसलिए रक्तदान अवश्य करना चाहिए ।

आयोजकों ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन उच्च माध्यमिक विद्यालय वीर तेजाजी मंदिर के पास प्रातः 9 से 5 बजे तक आयोजित किया गया । रक्त संग्रहण के लिए आर्मी ब्लड बैंक और गुरुकुल ब्लड बैंक ने अपनी सेवाएं प्रदान की ।

पुलिस अधिकारी सीमा हिंगोनिया ने अपराजिता के मंच पर साझा की अपनी लाइफजर्नी

जयपुर (हमारा वतन) कला मंज़र संस्था और शिल्पायन प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर वर्धमान नगर स्थित 225 कैफे में शुरू किये गये मासिक टॉक शॉ 'अपराजिता' संघर्ष की कहानी की दूसरी कड़ी सम्पन्न हुई।

इसमें राजस्थान पुलिस सेवा की वरिष्ठ अधिकारी सीमा हिंगोनिया (एडिशनल सुपरिंटेंडेंट पुलिस टेलीकम्युनिकेशन पुलिस हैडक्वार्टर्स जयपुर) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं । उन्होंने अपराजिता के मंच पर अपनी लाइफजर्नी को साझा किया । साथ ही बाल एवं महिला सुरक्षा से सम्बंधित कानूनों व अधिकारों मे नवीनतम संशोधनों से अवगत कराया और कहा की बेटियों को परिस्थितियों का सामना करना भी हमें सिखाना होगा तभी महिला सशक्त होंगी ।

शिल्पायन प्रशिक्षण संस्थान की संस्थापक लक्ष्मी अशोक ने स्वागत वक्तव्य देते हुए सबको बाल दिवस की शुभकामनाएं दी । शोभा सक्सेना ने शो के उद्देश्यों का उल्लेख करते हुए नई ज्वलंत समस्याओं पर अपने विचार रखे । साथ ही टॉक शॉ में आई महिलाओं ने भी अपने अपने विचार रखे। मीनाक्षी माथुर ने टॉक शॉ का संचालन किया। टॉक शॉ में डॉ अमला बत्रा , अल्का राव,पूनम माथुर, दीप्ती अग्रवाल (भीलवाड़ा),राशिका शर्मा सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

आम आदमी पार्टी ने करवाया जनता की समस्या का तुरंत समाधान

जयपुर (हमारा वतन) पिछले काफी समय से वार्ड नंबर 87 जयपुर हेरिटेज में जीवा चौधरी की गली में लगे सीवर लाइन के चेंबर के टूटे हुए ढक्कन के कारण आने जाने वाले वे स्थानीय निवासियों को काफी समस्या होती थी । इसकी शिकायत स्थानीय निवासियों ने कई बार स्थानीय पार्षद व निगम हेल्पलाइन व 181 पर भी कराई परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई । स्थानीय लोगों ने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं से इसकी शिकायत की तो आम आदमी पार्टी के वार्ड नेता मोहम्मद शाहबाज कुरैशी व चिराग उद्दीन कुरेशी ने तुरंत निगम जोन कार्यालय से बात कर काम का तुरंत समाधान कराया ।

इस मौके पर वहां उपस्थित स्थानीय निवासी सिराजुद्दीन कुरैशी,मजर खान, हारून कुरैशी, अब्दुल हमीद, शुजाउद्दीन खान आदि लोग मौजूद रहे।

राजस्थान के पंचायती राज विभाग में निकली भर्ती:106 पदों के लिए 9 दिसंबर तक कर सकते हैं आवेदन, 38 हजार से अधिक होगी सैलरी

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग (RDPRD) की ओर से 106 पदों के लिए वैकेंसी निकली है। इसमें ऑनलाइन अप्लाई करने के लिए उम्मीदवारों को ऑफिशियल वेबसाइट rdprd.gov.in और socialaudit.rajasthan.gov.in पर जाना होगा। इस वैकेंसी के माध्यम से सामाजिक विकास विशेषज्ञ, राज्य संसाधन व्यक्ति और जिला संसाधन व्यक्ति के पदों पर भर्ती की जाएंगी। इसमें आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन मोड में आयोजित की गई है। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को 9 दिसंबर 2021 तक का समय दिया गया है।

राजेन्द्र चौधरी ने अपने जीवन का 42 वाँ रक्तदान कर अंजान पेशेंट की बचाई जान

जयपुर (हमारा वतन) राजेन्द्र चौधरी ने अपने जीवन का 42 वाँ रक्तदान कर अंजान पेशेंट की जान बचाई। फेसबुक के माध्यम से पेशेंट को जानकारी मिली कि रक्तदान जीवनदान फॉउंडेशन अनजान लोगों के लिए ब्लड, प्लाज्मा, प्लेटलेट्स निस्वार्थ भाव से उपलब्ध करवाते है। ऐसे में रक्तदान जीवनदान फॉउंडेशन के सहसंचालक राजेन्द्र चौधरी ने जयपुरिया हॉस्पिटल जयपुर में 42 वाँ रक्तदान किया। साथ मे सुनील बैरवा और अटेंडर आरती भी मौजूद रही।

पुरुषोत्तम शर्मा लगातार चौथी बार बने जिला अध्यक्ष

जयपुर (हमारा वतन) सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने आदित्य नगर मोरीजा रोड चौमूं निवासी पुरुषोत्तम शर्मा को सामाजिक गतिविधियों में लगातार सक्रियता के चलते लगातार चौथी बार सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है । राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा को पुरानी कार्यकारिणी भंग कर एक माह के अंदर नवीन कार्यकारिणी गठन करने का निर्देश दिया है ।



गौरतलब है कि पुरुषोत्तम शर्मा सर्व ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ जिला कार्यकारिणी एवं प्रदेश कार्यकारिणी में विभिन्न संगठनात्मक पदों का निर्वहन कर चुके हैं एवं चौथी बार जिला अध्यक्ष बने हैं । विप्र समाज को आर्थिक आधार पर आरक्षण ,परशुराम जयंती पर सार्वजनिक अवकाश ,सरकारी सेवा में भर्ती की अधिकतम आयु में बढ़ोतरी , ईडब्ल्यूएस आरक्षण में 8 लाख की वार्षिक आय को एकमात्र मापदंड घोषित करवाने सहित विभिन्न विषयों पर सक्रिय भूमिका निभाई है । विप्र बंधुओं ने लगातार चौथी बार जिलाध्यक्ष बनने पर पुरुषोत्तम शर्मा को बधाई देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा का आभार व्यक्त किया है ।

जॉब्स

1. राजस्थान पुलिस, पद कांस्टेबल जीडी, कांस्टेबल ड्राइवर, कॉन्स्टेबल बैंड, कॉन्स्टेबल टेलीकम्युनिकेशन, पद संख्या 4588, अंतिम तिथि 3 दिसंबर 2021
2. मध्य प्रदेश हाई कोर्ट, पद ग्रुप डी, पद संख्या 708,अंतिम तिथि 28 नवंबर 2021
3. एन टी ए और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया, पद डिप्टी मैनेजर फाइनेंस एंड अकाउंट्स, पद संख्या 17, अंतिम तिथि 30 नवंबर 2021 4. नॉर्थ सेंट्रल रेलवे, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 1664, अंतिम तिथि 1 दिसंबर 2021
5. भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), पद एएसआई, हेड कॉन्स्टेबल ग्रुप सी, पद संख्या 72, अंतिम तिथि 29 दिसंबर 2021
6. मध्य प्रदेश हाई कोर्ट जबलपुर, पद स्टेनोग्राफर और असिस्टेंट ग्रेड थर्ड, पद संख्या 1255, अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2021
7. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पद स्पेशलिस्ट ऑफिसर (एस ओ), पद संख्या 115, अंतिम तिथि 17 दिसंबर 2021
8. दक्षिण पूर्वी रेलवे, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 1785, अंतिम तिथि 14 दिसंबर 2021

निक्की तंबोली

का सोशल मीडिया पर छाया का हॉट लुक

एक्ट्रेस निक्की तंबोली सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने बोल्ड अंदाज से इंटरनेट पर तहलका मचाती नजर आती हैं। अपनी लेटेस्ट फोटोज् में निक्की तंबोली का हॉट लुक फैन्स को काफी पसंद आ रहा है, निक्की तंबोली के इस लेटेस्ट और सेक्सी अवतार पर फैन्स मर मिट रहे हैं और उनकी तारीफों के पुल बांधते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर निक्की तंबोली का ये अंदाज आते ही छा गया है, आप भी उनके स्टाइल और स्वैग को देख दीवाने हो जाएंगे। इन तस्वीरों में निक्की तंबोली स्टाइलिश आउटफिट में बेहद बोल्ड पोज् देती दिखाई दे रहीं हैं निक्की तंबोली टीवी की दुनिया का जाना-माना नाम है, निक्की कई टीवी रिएलिटी शोज् का हिस्सा भी रह चुकी हैं। सोशल मीडिया पर निक्की तंबोली के लाखों फैन्स हैं, जो उनकी तस्वीरों पर दिल खोलकर लाइक और कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि निक्की तंबोली को उनकी लुक्स, स्टाइल और ड्रेसिंग सेंस के लिए जाना जाता है। सोशल मीडिया पर निक्की तंबोली कभी अपने ट्रेडिशनल लुक, कभी ग्लैमरस अंदाज तो कभी बोल्ड अवतार में तहलका मचाती नजर आती हैं।

प्रदूषण के दुष्प्रभावों से अपने फेफड़ों को बचाना हैं, तो इन योगासन का करें अभ्यास

वायु प्रदूषण का सबसे गहरा प्रभाव आपके फेफड़ों और श्वास नली पर पड़ता है। लंबे समय तक ऐसे वायु में सांस लेने से अन्य स्वास्थ्य जोखिम हो सकते हैं। इन योगासन को अपने रूटीन में शामिल करें और पाएं स्वस्थ फेफड़े। आपके हृदय की तरह फेफड़े भी शरीर का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यह श्वास की प्रक्रिया को नियंत्रित करते हैं। ये शरीर में ऑक्सीजन के संचार के साथ कार्बन डाइऑक्साइड को बाहर निकालते हैं। लेकिन क्या हवा में मौजूद जहरीली गैस आपके फेफड़ों को प्रभावित कर रही हैं? वायु प्रदूषण के कारण छोटे विषाक्त कण आपकी श्वास नली में जाकर परेशानी पैदा कर सकते हैं। इतना ही नहीं यदि आप लंबे समय तक ऐसी हवा में सांस लेंगे तो यह अस्थमा और ब्रॉन्काइटिस जैसे गंभीर रोगों का कारण बन सकता है। जिन लोगों को पहले से श्वास संबंधी बीमारियां हैं, उनका ऐसी हवा में सांस लेना और खतरनाक हो सकता है।इसमें मौजूद गैसें आपकी स्थिति को और बिगाड़ सकती हैं। यह अस्थमा अटैक का ट्रिगर पॉइंट भी हो सकता है। इसलिए आपको प्रदूषण के नुकसान से बचाने और फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए हम बता रहें हैं कुछ प्रभावी योगासन।

अपने फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए करें ये योगासन

1. अर्ध चंद्रासन-इस योग के नाम से ही पता चलता है कि आपको आधे चांद की मुद्रा बनान है। इसे करने के लिए घुटनों के बल खड़े रहें और अपने बाएं पैर को एक कदम आगे बढ़ाएं। अब आगे झुकें और हथेलियों को बाएं पैर के पंजे के दोनों तरफ रखें। इसके बाद दाहिने पैर को पीछे की ओर पूरा खींचें।

तो आपका दाहिना घुटना, दाहिने पैर के पंजे और हाथ जमीन पर लगे रहने चाहिए। अब पीठ को धनुष के आकार में बनाएं और दोनों हाथों को जोड़कर पीछे की ओर ले जाएं। अपने सिर को भी पीछे करें। दो से तीन मिनट तक इस मुद्रा में बनें रहें।

2. चक्रासन-यह योग का एक प्रभावी आसन हैं, जहां आपको एक चक्र की मुद्रा धारण करनी होगी। इसके लिए अपनी पीठ के बल लेट जाएं और अपने पैरों को घुटनों से मोड़ें।अब अपने पैरों को फर्श पर मजबूती से टिकाएं। अपनी हथेलियों को आकाश की ओर रखते हुए अपनी भुजाओं को कोहनियों पर मोड़ें। अब अपनी बाहों को कंधों पर घुमाएं। फिर अपनी हथेलियों को अपने शरीर को ऊपर उठाकर एक आर्च बनाने के लिए फर्श पर रखें। अपनी गर्दन को रिलैक्स रखें और अपने सिर को धीरे से पीछे की ओर रखें।कुछ मिनट तक इस मुद्रा में बनें रहें।

3. उष्ट्रासन- सबसे पहले योगा मैट पर घुटने टेकें और अपने हाथों को अपने हिप्स पर रखें। फिर अपनी पीठ को झुकाएं और हाथों को सीधा रखते हुए अपनी हथेलियों को पैरों के ऊपर ले जाएं। अपनी गर्दन को स्थिर और एक ही जगह में रखें। कुछ देर इसी स्थिति में रहें और फिर सांस छोड़ें और वापस प्रारंभिक मुद्रा में आ जाएं।अपने हाथों को कूल्हों पर ही रहने दें।

4. धनुरासन -इस योग में आपको पेट के बल लेटना है और अपने घुटनों को अपने कूल्हों की ओर मोड़ना है। अपने हाथों से अपनी टखनों को पकड़ें। अब अपने पैरों और बाजुओं को जितना हो सके ऊपर उठाएं और अपना चेहरा ऊपर रखें।

आपको अपने नन्हें शिशु को क्यों नही पहनाने चाहिए फर वाले कपड़े

सर्दियों का मौसम आ चुका है। और आप अपने बेबी की शॉपिंग कार्ट तैयार करने में लगी होंगी। पर क्या आप जानती हैं कि वे फर वाले कपड़े जो आपको बहुत क्यूट लग रहे हैं, आपके बेबी की हेल्थ को नुकसान पहुंचा सकते हैं। सर्दियों के कपड़ों में बेबी सबसे ज्यादा क्यूट लगते हैं। अगर आपके बेबी की यह पहली सर्दी है, तो यकीनन आप भी ढेर सार शॉपिंग साइट्स खंगाल रही होंगी अपने बेबी के लिए। पर अकसर हमारा ध्यान डिजाइन और उनकी क्यूटनेस की तरफ चला जाता है। बिना यह जाने कि ये बेबी की सेहत पर क्या असर करेंगे। उनमें भी फर वाले ड्रेस हमें सबसे ज्यादा आकर्षित करते हैं।

आपके बेबी की पहली विंटर शॉपिंग-हम हर वह कपड़ा खरीदने का प्रयास करते हैं जिससे हमारे बच्चे को आराम मिल सके। मार्केट में बड़े-बड़े ब्रांड्स कई प्रकार के बेबी ड्रेस निकालते हैं, जो देखने में काफी आकर्षक लगते हैं, इन्हीं में से एक है फर वाले कपड़े। फर वाले कपड़े देखने में जितने आकर्षक लगते हैं, असल में वे उतने लाभदायक होते नहीं हैं। बच्चे के लिए विंटर शॉपिंग करते समय आपको यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि आप फैशनेबल की बजाए कम्फर्ट और हेल्थ को प्राथमिकता दें।

बॉयफ्रेंड संग शादी की अफवाहों पर अंकिता लोखंडे ने दी प्रतिक्रिया,बोलीं- बीवी बनना और परिवार बनाना...

छोटे पर्दे की मशहूर एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे इन दिनों अपने शो पवित्र रिश्ता 2 को लेकर काफी बिजी हैं। वहीं, इस बीच उनकी शादी को लेकर जबरदस्त अफवाहें उड़ रही हैं। उन्होंने बॉयफ्रेंड विकी जैन से 2020 में सगाई कर ली थी। दोनों तीन साल से रिलेशनशिप में हैं और ऐसे में अंकिता और विकी को शादी से जुड़े सवालों का सामना अकसर करना पड़ता है। हाल ही में अंकिता ने फाइनली शादी पर खुलकर बात की है लेकिन अपने प्लान्स पर भी चुप्पी साधे नजर आईं।

हो जाती हैं एक्साइटेड-अंकिता लोखंडे अपने सोशल एकाउंट पर बॉयफ्रेंड विकी जैन संग रोमांटिक तस्वीरें शेयर करती नजर आ जाती हैं। वहीं, हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अंकिता ने शादी को लेकर बात की है। अंकिता का कहना है- मैं शादी और प्यार के कॉन्सेप्ट में बहुत भरोसा करती हूं। मैं शादी को लेकर बहुत एक्साइटेड हो जाती हूं, क्योंकि ये सबसे बेहतरीन चीज है कि दो लोग एक साथ रहना और एक परिवार बनाना चाहते हैं। वो कहती हैं कि भारत की परंपरा भी ऐसी ही है। ये सिर्फ लड़का-लड़की की शादी के बारे में ही नहीं बल्कि पूरे परिवार के बारे में है।

शादी पर बोलीं अंकिता-अंकिता ने शादी को लेकर कहा- मुझे ये पसंद है और अगर मौका मिला तो मैं ये जरूर करूंगी। मैं जाहिर तौर पर शादी करना चाहती हूं और ये एक दिन जरूर होगा। मैं बीवी बनना और परिवार बनाना चाहती हूं। हालांकि, जब अंकिता से उन अफवाहों के बारे में पूछा गया जिनमें दावा किया जा रहा है कि अंकिता और विकी अगले महीने ही शादी कर रहे हैं तो एक्ट्रेस ने जवाब दिया- मैं शादी और अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में बात नहीं करना चाहती हूं।

अंकिता लोखंडे की बैचलरेट पार्टी में टीवी हसीनाओं ने बिखेरा जलवा, शॉर्ट ड्रेस में दिखीं होने वाली दुल्हन-

अभिनेत्री अंकिता लोखंडे इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। रिपोर्ट की मानें तो अंकिता 12 दिसंबर को अपने ब्वॉयफ्रेंड विक्की जैन संग शादी के बंधन में बंध जाएंगी। अंकिता की शादी मुंबई के ग्रैंड हयात होटल में होगी। हालांकि शादी से पहले अंकिता अपनी गर्ल गैंग के साथ बैचलरेट पार्टी करती देखी गई।

लगातार दूसरी हार के बाद टिम साउदी ने बताया कैसे तीसरे टी20 इंटरनैशनल में न्यूजीलैंड करेगा वापसी

रांची। टीम इंडिया के खिलाफ लगातार दूसरे टी20 इंटरनैशनल मैच में हार के बाद कीवी कप्तान टिम साउदी ने कहा कि हमें देखना होगा कि कहां चूक हो रही है और तीसरे टी20 इंटरनैशनल मैच में उन कमियों को दूर कर मैदान पर उतरना होगा। साउदी ने साथ ही कहा कि जीत का पूरा क्रेडिट भारतीय टीम को देना होगा, जो इस मैच में इतना शानदार खेली। उन्होंने कहा कि ओस को रोल दोनों पारियों में था। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले दो मैच जीतकर सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।केन विलियमसन की गैर मौजूदगी में कीवी टीम की कमान संभाल रहे साउदी ने कहा, पूरा क्रेडिट भारत को जाता है जिसने पूरे मैच में इतना शानदार प्रदर्शन किया। मैच शुरू होने से पहले ही ओस गिरनी शुरू हो गई थी तो उन्होंने कहा, हम जानते थे कि ओस होगी और ऐसा दोनों टीमों के लिए ही था। हम जब पहुंचे तो मैच की शुरुआत से ही ओस थी। लेकिन उन्होंने बेहतरीन खेल दिखाया। तीसरे टी20 के बारे में उन्होंने कहा, हम समीक्षा करेंगे, अलग वेन्यू होगा। हम परिस्थितियों के अनुकूल होने की कोशिश करेंगे। कोलकाता पहुंचकर ही देखेंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी20 इंटरनैशनल मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर 21 नवंबर को खेला जाना है। इसके बाद 25 नवंबर से दोनों टीमों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। विलियमसन और काइल जेमीसन ने टेस्ट क्रिकेट पर फोकस करने के लिए टी20 सीरीज से हटने का फैसला लिया था। मैच की बात करें तो भारत ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी का न्योता दिया। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में छह विकेट पर 153 रन बनाए, जवाब में भारत ने 17.2 ओवर में ही तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

मैथ्यू वेड ने बताया रिटायरमेंट प्लान, इस टूर्नामेंट के बाद ले लेंगे संन्यास

ब्रिसबेन। ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने गुरुवार को कहा कि वे अगले साल उनके देश में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद संन्यास ले सकते हैं। वेड ने हाल में खत्म हुए टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पाकिस्तान पर ऑस्ट्रेलिया की पांच विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए 17 गेंद में नाबाद 41 रन की पारी खेली थी। एशेज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह बनाने की दौड़ में वेड को एलेक्स कैरी ने पछाड़ दिया और इस विकेटकीपर का लक्ष्य अब अगले साल स्वदेश में टी-20 वर्ल्ड कप खिताब की रक्षा में मदद करना है। क्रिकेट.कॉम.एयू ने वेड के हवाले से कहा, यह मेरी अगली प्रेरणा है और उम्मीद करता हूं कि उस वर्ल्ड कप में खेलने का मौका मिलेगा, खिताब का बचाव करेंगे और इसके बाद मैं संन्यास ले सकता हूं। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर उसके बाद मैं नहीं खेलूंगा (इंटरनेशनल क्रिकेट)। अब यही मेरा लक्ष्य है।

हर्षल पटेल ने बताया कैसे डिविलियर्स ने उन्हें बनाया बेहतर गेंदबाज

रांची। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान एबी डिविलियर्स से मिली सलाह को याद करते हुए भारत के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के पूर्व साथी खिलाड़ी का उनके करियर पर बड़ा असर रहा है। हर्षल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के जरिए शुक्रवार को इंटरनैशनल क्रिकेट में डेब्यू किया और 25 रन देकर दो विकेट लिए। भारत ने मैच सात विकेट से जीता और हर्षल प्लेयर ऑफ द मैच रहे।इसी दिन दक्षिण अफ्रीका के महान क्रिकेटर डिविलियर्स ने क्रिकेट के सारे फॉर्मे से संन्यास की घोषणा भी की। हर्षल ने मैच के बाद कहा, एबी का मेरे करियर पर बड़ा असर रहा है। मैं हमेशा उन्हें चुपचाप देखता आया हूं। हाल ही में यूएई में मैने उनसे पूछा कि बड़े ओवरों में किफायती गेंदबाजी कैसे करूं। उन्होंने कहा कि जब बल्लेबाज अच्छी गेंद को भी पीटे तो भी बदलाव मत करो। अच्छी गेंदों को मारने के लिए बल्लेबाज को मजबूर करो क्योंकि वह सोचेगा कि आप दूसरी गेंद डालोगे लेकिन ऐसा होगा नहीं।

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

इकॉनमी की राह में महंगाई बनी दीवार

कोविड महामारी ने न केवल लाखों की जान ले ली बल्कि दुनिया में भुखमरी को भी बढ़ा दिया है। कई देशों में खेती पर भारी चोट पहुंची तो कई अन्य में मजदूरों की कमी हो गई। अमेरिका, इंग्लैंड और कनाडा जैसे देशों में खाद्यान्न ही नहीं, अन्य तरह

राम गोपाल सैनी

के सामानों के भी ट्रांसपोर्टेशन में बाधा आई। कोविड के कारण दुनिया के कई देशों में सख्त लॉकडाउन लगा, जिससे मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री को धक्का पहुंचा। जितना उत्पादन चाहिए था, उतना हो नहीं पा रहा है जिससे उनकी कीमतें आसमान छू रही हैं। कच्चे तेल की कीमतें 50 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 85 डॉलर तक जा पहुंचीं। इन सबसे सिर्फ हमें ही नहीं सारी दुनिया की इकॉनमी को झटका लगा है। हैरानी की बात है कि जिस देश पर महंगाई की सबसे ज्यादा मार पड़ी, वह है दुनिया का सबसे ताकतवर देश अमेरिका। वहां अक्टूबर महीने में इन्फ्लेशन की दर बढ़कर 6.2 हो गई, जो तीस सालों में सबसे ज्यादा है। इससे वहां की इकॉनमी को फिर से पटरी पर लाने की कवायदों को बड़ा धक्का लगा है। अमेरिका न केवल खाद्यान्न के मामले में बहुत समृद्ध है बल्कि कच्चा तेल भी वहां पर्याप्त मात्रा में होता है। बावजूद इसके, वहां एनर्जी महंगी हो गई और खाने-पीने के सामानों और दवाओं की कीमतें तेजी से बढ़ीं। इससे कई अन्य सेक्टर के सामानों की भी कीमतें चढ़ गईं।सरकार ने वहां कोविड महामारी के दौरान खरबों डॉलर सोशल वेलफेयर स्कीम के तहत बांटे थे। इसका सबसे बुरा असर लेबर मार्केट पर पड़ा। मजदूरों ने काम करना बंद करके घरों में रहना बेहतर समझा। इससे लेबर की भारी कमी हो गई। कारखानों में काम धीमा हो गया। यहां तक कि ट्रक चलाने वाले ड्राइवर भी मिलने मुश्किल हो गए।

अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।
- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

पेमा बुद्धिष्ट नेपाली मार्केट का हुआ भव्य शुभारंभ

चौमूं (हमारा वतन) चौमूं शहर में पेमा बुद्धिष्ट नेपाली मार्केट का भव्य शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी और प्रयास फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉक्टर शिखा मील द्वारा फीता काटकर किया गया ।

चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी और प्रयास फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉक्टर शिखा मील ने कहा की पिछली बार भी कोरोना महामारी के बावजूद पेमा खांडो की सेवाएं चौमूं शहर वासियों को मिली थी । अबकी बार भी जयपुर रोड, धमोड हॉस्पिटल के बगल में पेमा बुद्धिष्ट नेपाली मार्केट का शुभारंभ किया गया है ।

मार्केट संचालक पेमा खांडो ने बताया कि हमारे यहां नवजात बच्चे से लेकर महिला, जेंट्स और बुजुर्गों तक के गर्म कपड़े हर वैरायटी में उपलब्ध है ।

ढोढसर से आए दूल्हे कमलेश घोसल्या ने बताया कि जैसे ही मुझे मालूम पड़ा की जयपुर रोड पर पेमा बुद्धिष्ट नेपाली मार्केट का आज शुभारंभ होने वाला है तो मैं यहां जर्किन खरीदने के लिए आ गया और सबसे पहली खरीददारी मैंने अपने हाथों से की।

इस दौरान आरएलपी प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव, ओम चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष पंचायतीराज मंत्रालय कर्मचारी संगठन , अनुराग शर्मा पूर्व संस्कृत कॉलेज अध्यक्ष, पार्षद अशोक रच्छौईया, लालचंद झाझड़ा समाजसेवी, इन्द्रराज चौधरी, अनिल चौधरी घठवाडी, धर्मा जाट एनएफसी जिम गर्ल्स डायरेक्टर ,तनू प्रजापत, सीता कुमारी मीणा, महेंद्र देवन्दा, अजीत एचएमबी कोचिंग, संदीप गुप्ता, रजनी कुमावत, ममता सैनी, डॉक्टर तुलसी चौधरी बाड़मेर, सूरज चौधरी, रामकुमार जाट, अनुष्का शर्मा,मेघराज चौधरी,आरके कुमावत,मीरा यादव,डॉ आर सी निठारवाल,कालू राम बिजारनिया,मानसिंह पालावत,राजेश सेन आदि लोग मौजूद रहे।

इंदिरा गांधी को विश्व में सबसे ताकतवर महिलाओं में गिना जाता है : पूर्व विधायक सैनी

चौमूं (हमारा वतन) शहर के मोरीजा रोड पर स्थित कांग्रेस कार्यालय गोठवाल भवन पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने बताया कि इंदिरा गांधी फौलादी व्यक्तित्व और सकारात्मक दृष्टिकोण की वजह विश्व में सबसे ताकतवर महिलाओं की श्रेणी में गिना जाता है। बैंकों का राष्ट्रीयकरण सर्वप्रथम इंदिरा गांधी ने ही किया था व रजवाड़ों का प्रीवी-पर्स समाप्त करना उनकी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पांचवी पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत गरीबी हटाओ का नारा दिया और देश से निर्धनता समाप्त करने के बीस सूत्रीय कार्यक्रमों का निर्धारण किया गया। भारतीय राजनीति में उनके निर्णयों को

मिसाल के तौर पर देखा जाता है।

इस मौके पर चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नानग राम लांबा, कृष्णकांत जोशी, सेवादल लल्लूराम सैनी, डीसीसी उपाध्यक्ष गिरिराज देवंदा, जिला पार्षद पवन वर्मा, पंचायत समिति सदस्य गोगराज देवंदा,छात्रसंघ अध्यक्ष चंद्रकला नागौरी, पार्षद अर्जुन लाल सैनी, राजेंद्र इंदौरा, एडवोकेट धीरेंद्र सैनी, सायर सिंह तंवर , रमेश चंद्र सैनी, सरपंच संघ अध्यक्ष मदन लाल टोडावता, वरिष्ठ कांग्रेसी शरत चंद चौहान, छीतरमल बबेरवाल, गेंदी लाल सैनी, दिनेश कुमार सैनी, संतोष कुमार सैनी,कौशल तवर, सुरेश फौजी,अजय जाटावत,राकेश इंदौरा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बनवारीलाल सैनी को मिला शिक्षक अवार्ड

टोंक (हमारा वतन) उनियारा उपखण्ड मुख्यालय स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय उनियारा में ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान 2021 समारोह का आयोजन किया गया । समारोह की मुख्य अतिथि राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय उनियारा की प्रधानाचार्य शशिकला बंशीवाल , मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उनियारा कार्यालय के आर पी सरफराज खान एवम स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद मीणा ने शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह एवम 5100 - 5100 रुपये का चेक देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर अलग -अलग वर्गों में शिक्षकों को सम्मानित किया गया । कक्षा 1 से 5 प्राथमिक शिक्षा में राजकीय प्राथमिक विद्यालय सरदारपुरा , ककोड़ के प्रबोधक शिक्षक सन्दीप कुमार जैन , कक्षा 6 से 8 वर्ग में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रतनपुरा के शिक्षक बनवारी लाल सैनी एवम कक्षा 9 से

12 वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अलीगढ़ के शिक्षक जयराम मीणा को सम्मानित किया गया । तीनो शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए यह सम्मान दिया गया । इस अवसर पर व्याख्याता मैनेजर मीणा , परशुराम मीणा , प्रियंका दीक्षित ,सुल्ताना रोशन , कनिष्क सहायक मोहम्मद उवेज उपस्थित रहे ।

सुलभ कॉम्प्लेक्स बनवाने हेतु नगर पालिका अध्यक्ष विष्णु कुमार सैनी को दिया ज्ञापन

चौमूं (हमारा वतन) रींगस रोड अग्निशमन केंद्र के पास तिराहे पर सुलभ कॉम्प्लेक्स के अभाव में व्यापारियों व आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है । इस समस्या को देखते हुए वार्ड नंबर 1 के पार्षद रमेश चंद्र सैनी ने सुलभ कॉम्प्लेक्स बनवाने हेतु नगर पालिका अध्यक्ष विष्णु कुमार सैनी को ज्ञापन दिया। पार्षद रमेश चंद सैनी ने बताया कि अग्निशमन केंद्र तिराहे पर सुलभ कॉम्प्लेक्स के अभाव में व्यापारियों व आमजन को भयंकर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सुलभ कॉम्प्लेक्स बनने से आमजन को सुविधा हो सकेगी। इस दौरान पार्षद अशोक कुमार ,पार्षद प्रतिनिधि प्रहलाद गुलिया और गजानंद कुमावत आदि लोग मौजूद रहे।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU !
थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स / विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा